# पार्किंग, रेस्तरां PPP मॉडल पर : योगी

## सीएम ने नगर विकास विभाग की बैठक में दिया निर्देश

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

शहरों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पार्किंग, रेस्तरां और ऑडिटोरियम जैसे प्रॉजेक्ट PPP मॉडल पर विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नगर विकास विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि स्मार्ट सिटी की योजनाएं इस तरह तैयार की जाएं, जिससे शहर के समग्र विकास के साथ राजस्व में भी वृद्धि हो।

सीएम ने बिना मानक और नगर निकायों की अनुमति के विकसित होने वाली कॉलोनियों और बस्तियों पर प्रारंभिक स्तर पर ही रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि शहरों की नियोजित संरचना बनी रहे। उन्होंने नियमित कूड़ा उठान और उसके निस्तारण को सुनिश्चित करने के साथ ठोस और गीले कचरे को अलग करने के लिए नियमित जागरूकता अभियान चलाने को भी कहा। सीएम ने कहा कि अलग-अलग विभागों द्वारा अलग-अलग कार्य करने से योजनाओं में अनावश्यक देरी होती है, इसलिए सभी विभाग मिलकर साझा कार्ययोजना बनाएं और समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन करें। मलिन बस्तियों के विकास पर विशेष जोर देते हुए सीएम ने कहा कि यहां साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, जल निकासी, रोड कनेक्टिविटी और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए।

▶▶**विकास प्राधिकरण भी बॉण्ड के जरिए जुटाएंगे बजट :** पेज 10

### 'जलभराव का हो समाधान'



मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को और मजबूत करने की जरूरत है। हर शहर में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे भारी बारिश के बाद जलभराव की समस्या न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ड्रेनेज सिस्टम के सुधार और नई व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। नगर निकायों से जुड़े नए गांवों में भी मूलभूत सुविधाएं जल्द सुनिश्चित की जाएं। लापरवाही की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।